हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 दिसंबर 2025

06 स्थाई प्रधानाचार्यों के लिए तरस रहा है ...



07 हाईवे पर अज्ञात वाहन ने चीता को कुचला...





## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का सागर आगमन पर किया स्वागत

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के खजुराहो लोकसभा से सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का रविवार को सागर आगमन हुआ उनके आगमन पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बहेरिया चौराहे पर स्वागत कर अगवानी की। सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उपस्तिथ सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भेंट कर परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी सापट, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल, अंशुल परिहार, बाल किशन सोनी, सुमित यादव जय सोनी गुड्डु सोनी एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ दिवाकर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विवि वर्धा में अध्ययन मंडल सदस्य मनोनीत

**सागर।** डॉ दिवाकर सिंह राजपूत अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा में विषय विशेषज्ञ मनोनीत किये गये हैं। डॉ हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर मध्य प्रदेश के मानविकी एवं समाज विज्ञान अध्ययनशाला के संकाय-अध्यक्ष (अधिष्ठाता) प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र के समाजशास्त्र अध्ययन मंडल में विषय विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल विद्यापीठ मंडल में विषय विशेषज्ञ और संस्कृति विद्यापीठ में भी विद्यापीठ मंडल सदस्य हैं। प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत महाराष्ट्र में अमरावती रामटेक नागपुर, छत्तीसगढ़ में रायपुर अंबिकापुर, मध्यप्रदेश में भोपाल सागर, उत्तर प्रदेश में कानपुर प्रयागराज, उत्तराखण्ड में नैनीताल, हिमाचल प्रदेश में शिमला आदि विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की विभिन्न समितियों के सदस्य हैं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**सागर।** सागर मध्य प्रदेश की बिजली कंपनियों के बीच 47वीं अंतर क्षेत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे मुख्य अभियंता देवेंद्र कुमार एवं अधीक्षण अभियंता चंद्र रेखा प्रभाकर द्वारा सागर सिटी स्टेडियम में किया जावेगा।सहायक अभियंता अवनीश जारोलिया को सी एस पटेल एवं टीम मैनेजर पवन रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 दिसंबर को उद्घाटन उपरांत सुबह 9:00 से प्रतियोगिताओं के मैच चालू हो जाएंगे।

## सभी पार्षद अपने बीएलओ के साथ बैठक करें और शिविर आयोजित करें

# विधायक, जिलाध्यक्ष, निगमाध्यक्ष की उपस्थिति में एसआईआर सर्वे के कार्यों की समीक्षा व सुझाव हेतु सर्वदलीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर सर्वे) के अंतर्गत अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आवश्यक सुझावों पर चर्चा हेतु नगर निगम सभाकक्ष में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक शैलेन्द्र जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिर वार, निगमायुक्त एवं सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री, पार्षदगण तथा भाजपा,कांग्रेस सहित सभी दलोंके पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में निगमायुक्त एवं सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने एसआईआर सर्वे के अंतर्गत किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सागर विधानसभा में कुल 2 लाख 16 हजार 520 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 42 हजार मतदाता स्थान परिवर्तन, मृत्यु अथवा अनुपस्थित पाए जाने के कारण मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं। इसके अतिरिक्त 21 हजार 414 मतदाताओं का वर्ष 2003 की सूची से सत्यापन अभी पूर्ण नहीं हो सका है।



निगमायुक्त खत्री ने कहा कि यदि 11 दिसंबर तक सभी पार्षद एवं बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) शिविरों में सक्रिय रूप से सहयोग करें, तो शेष मतदाताओं का सत्यापन समय पर पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 11 दिसंबर के बाद केवल दावा-आपत्ति प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत ही नाम जोड़े जा सकेंगे। उन्होंने सभी पार्षदों से आग्रह किया कि प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी बीएलओ सही डेटा तैयार करने में जुटे हुए हैं,अतःसभी जनप्रतिनिधि सक्रिय सहयोग करें, जिससे कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके।

विधायक शैलेन्द्र जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। निर्वाचन आयोग की मंशा है कि लोकसभा एवं विधानसभा की एक ही मतदाता सूची हो। उन्होंने कहा कि सागर विधानसभा में कुल 2 लाख 16 हजार 520 मतदाता थे, जिनमें से 42 हजार मतदाता किसी न किसी तकनीकी कारण से सूची से बाहर हो गए हैं, इसलिए आने वाले चार दिन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अभी अधिक मेहनत करने पर बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे, उसके पश्चात दस्तावेजी प्रक्रिया और अधिक जटिल हो जाएगी।

विधायक जैन ने कहा कि उन्होंने आगामी चार दिनों के लिए मैंने अपने सभी अन्य कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं तथा सभी पार्षदों के साथ मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को इस कार्य में सक्रिय रूप से कार्य करना होगा,उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद अपने बीएलओ के साथ बैठक करें और शिविर आयोजित कर किसी कारण से मतदाता सूची में नाम छूट गये है उनके नाम जुड़वाने हेतु सहयोग करें जिससे कोई भी व्यक्ति मताधिकार से वंचित न हो।



### पिडरूआ में वेदी प्रतिष्ठा हुई, कलशारोहण आज

**सागर।** जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पिडरुआ में बेदी प्रतिष्ठा और कलशारोहण का तीन दिवसीय कार्यक्रम मुनि श्री विमल सागर महाराज और मुनि श्री अनंत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 6 दिसंबर से चल रहा है दूसरे दिन श्री जी की प्रतिमाओं को बेदी पर विराजमान किया गया। मुकेश जैन ढाना ने बताया आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य भगवन श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पहले दिन घट यात्रा निकली 7 दिसंबर को याग मंडल विधान हुआ और नई वेदी पर श्रीजी की प्रतिमा जी विराजमान हुई 8 दिसंबर को कलशारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा मंदिर में कुल 9 वेदी है जिनमें तीन नई वेदियो का निर्माण दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम, दीपक जैन और डॉ सुधीर जैन के द्वारा कराया गया है। सागर, बांदरी, बंडा, रजवांस, बहरोल आदि स्थानों की जैन समाज ने कार्यक्रम में पहुंचकर हिस्सा लिया। मुनि संघ का एक-दो दिन में मंगल विहार बरोदिया या शाहगढ की ओर हो जाएगा।

### सर्वतोभद्र जिनालय में मुनि संघ के सानिध्य में लगेगी चाबी

**सागर।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज व आचार्य श्री समयसागर महाराज के आशीर्वाद से भाग्योदय तीर्थ सागर में बन रहे सर्वतोभद्र जिनालय के पहले खंड के गर्भग्रह की चाबी 14 दिसंबर रविवार को सुबह 8 बजे मुनि श्री निष्कंप सागर महाराज, मुनि श्री निष्कामसागर महाराज के सानिध्य में लगाई जाएगी।मुकेश जैन ढाना ने बताया कि 6 वर्ष पहले मंदिर का शिलान्यास आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में हुआ था अब तक लगभग 4 लाख 75 हजार घनफुट पत्थर लगाया जा चुका है और मार्च माह तक 50000 घनफुट पत्थर और लगाया जाना प्रस्तावित है। पहले खंड का कार्य मार्च तक पूर्ण हो जाएगा जबकि प्रथम तल के चारों ओर दीवाल बनाने का कार्य जारी है लगभग 20-20 फुट दिवाली ऊपर बन चुकी है।निर्माण समिति के सभी सदस्य मिलजुल कर कार्य कर रहे। वर्ष 2030 तक मंदिर का कार्य पूर्ण होने की संभावना है। भारत में जैन धर्म के इतिहास सबसे बड़े जिनालय का निर्माण कार्य चल रहा हैं।

### गुरु श्री तेग बहादुर जी के त्याग और बलिदान के संदेश को आर्ट्स और कॉमर्स कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगों और कलम से उकेरा

**सागर।** खालसा पंथ के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी के त्याग और बलिदान को रंगों और कलम से उकेरकर अपनी कला और अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर डॉ संगीता मुखर्जी के संयोजन व डॉ संदीप सबलोक के सह संयोजन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की मंशा के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत देश के इतिहास में अवतार लिए महापुरुषों द्वारा मानवता के लिए दिए गए अवदान और बलिदान से छात्र छात्राओं को प्रेरणा प्रदान करने के लिए उक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें बलिदानी वर्ष पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर द्वारा मानव कल्याण के साथ धर्म के सह अस्तित्व की रक्षा में अपना बलिदान दिए जाने की घटनाओं को कलम और रंगों से उकेरकर अपनी कला व अभिव्यक्ति का सराहनीय परिचय दिया।

### लेखन प्रेमी सीताराम बैंक व सनराइज मेगासिटी से निशुल्क कॉपी लें: द्विवेदी

**सागर।** भक्तों में श्री सीताराम नाम लेखन की बढ़ती हुई श्रद्धा को देखते हुए समिति ने हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक के अलावा सनराइज मेगा सिटी एच.आई.जी अठारह जय गुरुदेव भवन थर्ड फेस से लेखन प्रेमियों को निशुल्क कॉपी वितरण करने का निर्णय लिया था जो अनवरत जारी है। उक्त जानकारी देते हुए सीताराम नाम बैंक के सह व्यवस्थापक पंडित बृजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सीताराम नाम लेखन हेतु श्रद्धालुगण सीताराम नाम बैंक से किसी भी दिन निशुल्क कॉपी बैंक मैनेजर पंडित श्री गोपालदास शर्मा से ले सकते है। परंतु सनराइज मेगासिटी से निशुल्क कॉपी मात्र रविवार को ही दोपहर 12:00 बजे से 4:00 तक वितरित की जाएगी आज रविवार को लेखन प्रेमियों के द्वारा सनराइज मेगा सिटी से ली गई मात्र 20 पूर्ण लेखन पुस्तिकाओं को जमा किया गया जो 5लाख सीताराम नाम लेखन हुआ,आज एक भी लेखन प्रेमी के द्वारा लेखन हेतु कॉपी नही ली गईं, श्री द्विवेदी ने बताया कि विगत तीन माह से प्रत्येक रविवार को लेखन हेतु कॉपी का वितरण किया गया, जिसमे 700कॉपी अभी तक वितरित हुई ओर 575कॉपी पूर्ण होकर मेरे पास जमा हुई जिसमे एक करोड़ तेइस लाख चोसठ हजारकुल सीताराम नाम लेखन भक्तो द्वारा किया गया। द्विवेदी ने बताया कि यह लेखन कार्य 21वां सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन जप का लेखन प्रेमियों के द्वारा किया जा रहा है।

# शिक्षा ही सफलता की चाबी, अनुशासन सबसे बड़ा गुरुः युवानेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुरानी गल्ला मंडी स्थित वर्धमान पब्लिक स्कूल में रविवार को आयोजित वार्षिक उत्सव 'प्रगति' में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि व्यक्ति शिक्षा से ही महान बनता है। शिक्षा आपकी पर्सनैलिटी और चरित्र का निर्माण करती है, आपको सामाजिक कौशल सिखाती है। स्कूल में ही हम सीखते हैं कि सबसे कैसे बात करनी है। इसलिए शिक्षा केवल मार्कशीट तक सीमित नहीं है। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षा, अनुशासन, ज्ञान और डिजिटल युग की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अविराज सिंह ने कहा, "मैं खुद भी एक विद्यार्थी हूँ और एक युवा हूँ। मैंने हमेशा यह महसूस किया है कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे सुनहरा दौर होता है। इस समय हमारे ऊपर सिर्फ एक जिम्मेदारी होती है - अच्छी शिक्षा ग्रहण करना। इसी कारण हमारे पास पर्याप्त फ्री टाइम भी रहता है। इस खाली समय का उपयोग आपको अपने रुचि के विषय को हॉबी के रूप में विकसित करने में करना चाहिए। हॉबी ऐसी बनाइए जो आपके समय का सकारात्मक उपयोग करे। लेकिन इन सबके साथ-साथ शिक्षा को कभी न भूलें, क्योंकि शिक्षा ही वह चाबी है जो सफलता के नए द्वार खोलती है।"



अविराज सिंह ने कहा कि चाणक्य जी ठीक ही कहते थे कि कोई व्यक्ति महान इसलिए नहीं होता कि वह बड़े कुल या बड़े परिवार में जन्मा है। उन्होंने आगे कहा कि अगर हमें अच्छा विद्यार्थी बनना है तो अनुशासन सबसे जरूरी है। मैं हमेशा मानता हूँ कि मार्क्स आपका भविष्य निर्धारित नहीं करते। किसी भी मार्कशीट में यह नहीं लिखा होता कि यह बच्चा आगे चलकर क्या बनेगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त समन्वय समिति एवं शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न

# एसआईआर की समीक्षा की गई व दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में चलने का आह्वान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला कांग्रेस कमेटी सागर शहर एवं ग्रामीण की समन्वय समिति की बैठक का आयोजन आज गौर मूर्ति स्थित राजीव गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता शहर जिला अध्यक्ष महेश जाटव एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने संयुक्त रूप से की।समन्वय समिति में प्रमुख रूप जिला ग्रामीण प्रभारी घनश्याम सिंह पूर्व विधायक, जिला शहर प्रभारी मनोज कपूर एवं जितेंद्र जैन क्रांतिकारी उपस्थित रहे। समिति में प्रमुख रूप से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआइआर एवं14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर पर रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बिंदुओं पर सर्वप्रथम जिला प्रभारी घनश्याम सिंह ने प्रकाश डालते हुए कहा कि एस ए आर में हमें यह प्रयास करना होगा की कोई भी मतदाता छूट नहीं यह कार्य वरिष्ठ कांग्रेस जनों को अपनी निगरानी में कर कराना होगा। 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचकर सरकार की वोट चोरी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन में हिस्सा लेकर राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करना होगा।



जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि समन्वय समिति कांग्रेस की महत्वपूर्ण इकाई है। जिला ग्रामीण कांग्रेस की सातों विधानसभाओं में बीएलओ पूरी सक्रियता के साथ एसआईआर के काम में लगे हैं। 5 बीएलओ के ऊपर एक वरिष्ठ कांग्रेस का व्यक्ति प्रभारी नियुक्त किया गया है हमारे सभी बूथ एजेंट पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण कांग्रेस से बड़ी संख्या में दिल्ली में होने वाले बोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन में कांग्रेस जन हिस्सा लेंगे।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की सागर से लगभग 26000 हस्ताक्षर बोट चोरी के संबंध में प्रदेश कार्यालय को सौंप गए हैं। मैं कांग्रेस कार्यकर्ता की हैसियत से कार्य करता हूं। सभी कांग्रेस जनों से निवेदन करता हूं कि दिल्ली चले। जो नहीं जा पा रहे,वे अपने बाकी साथियों की आर्थिक मदद कर उन्हें भेजने की व्यवस्था करें। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मनोज कपूर ने कहा कि मैं बीना का भी प्रभारी हूं और मैं बीना के सभी मतदान केन्द्रो पर बी एल ए के साथ संवाद किया है। वहां हर पांच पोलिंग पर एक प्रभारी कार्य कर रहा है। एस आई आर में शहर कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र क्रांतिकारी ने कहा कि मतदाता के अधिकार की रक्षा करने का प्रत्येक कांग्रेस जन का नैतिक कर्तव्य है।

पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि जिले की सभी विधानसभाओं में कार्य कर रहे बी एल ए को जिला कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस की ओर से पहचान पत्र और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### रास्ते में रोककर युवक के साथ की मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम मिदरवाहा मजरा लक्ष्मनपुरा निवासी दिनेश पुत्र मठू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 30 नवम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 एन. 0341 से अपने घर जा रहा था। वह संदीप की दुकान के पास पहुंचा ही था कि तभी पहले से मौजूद छोटू पुत्र मनोहरलाल कुशवाहा, हेमन्त पुत्र रामफल, काशी पुत्र मुलु कुशवाहा, रचपाल पुत्र कुशवाहा गांव के हैं। छोटू बीच रास्ते में लाठी लिये खड़ा था, उससे अलग हटने को कहा तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां दीं। आरोप है कि इनमें से किसी ने गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिसके बारे में पूछने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हमले में उसकी गर्भवती पत्नी विद्या, भाभी रामकुंवर बचाने आयी तो उनके साथ भी मारपीट की गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शहजाद नदी पर सेतु निर्माण कार्य होने तक आवागमन होगा बंद

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के आजाद चौक-कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण कार्य को लेकर उप परियोजना प्रबंधक मृगेन्द्र सिंह चौहान ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि आजाद चौक से कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा के लिहाज से कार्यों का निर्माण कार्य के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासनादेश से प्राप्त हुयी है। बताया कि कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ किया जाना है, इसके लिए मौजूदा रपटे को तोड़कर उसी स्थान पर कार्य किया जाना है। इसलिए उन्होंने जिलाधिकारी से 2 दिसम्बर से निर्माण कार्य पूरा होने तक यातायात को पूर्ण रूप से बंद करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही।

### 3 मेडिकल दुकानों के लाइसेंस 7 दिन के लिए निलंबित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में मेडिकल स्टोरों की अनियमितताओं के विरुद्ध जारी कार्रवाई के तहत औषधि निरीक्षक द्वारा कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। कमियां मिलने पर दिए गए कारण बताओ नोटिसों के संतोषजनक जवाब न मिलने पर पाटीदार मेडिकल स्टोर सिरोंज, शुभ मेडिकल बासौदा और अरिहंत मेडिको विदिशा की औषधि अनुज्ञप्ति सात दिनों के लिए निलंबित कर दी गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य दवा विक्रय व्यवस्था को पारदर्शी रखना और नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने आगे भी सख्ती जारी रखने की चेतावनी दी है।

कमिश्नर, डीएम और पुलिस अधीक्षक ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी आम लोगों की जनशिकायतें

# भूमि विवादों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर कराएं निस्तारण

## कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया, शेष शिकायतें अधिकारियों को सौंपकर त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शनिवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी श्री बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने शहर व ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों की शिकायतों को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया।




उन्होंने एक-एक कर शिकायकर्ताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां पर अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद सम्बंधी आती हैं, इन शिकायतों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन करे और निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। शहर के एक शिकायतकर्ता ने वार्ड नं0-10 में गली में विद्युत पोल शिफ्ट कराने की शिकायत दी, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय को बुलाकर निर्देश दिये गए कि वे मौक पर जाकर स्थिति का जायजा लें और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अवगत करायें। शहर के ही राजपूत कॉलोनी निवासी विन्द्रावन ने कोर्ट पर मामला विचाराधानी होने के बावजूद उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा किये जा रहे निर्माण को रोकने हेतु शिकायती पत्र दिया, जिस पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को स्थल पर जाकर दोनो पक्षों के बीच आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम जीरोन निवासी वृद्धा ऊषा ने भी उनके मकान पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की, मण्डलायुक्त ने वृद्ध महिला को अपने समीप बुलाकर उनकी पूरी बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता के साथ जाकर प्रकरण का निस्तारण करायें। शहर की शिकायतकर्ता गीता के द्वारा लगभग 6 माह पूर्व पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना का फार्म भरने व सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद अभी तक लाभ न मिलने की शिकायत पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को लम्बित आवेदन को निस्तारित करने के निर्देश दिये। सिवनीखुर्द निवासी दिव्यांग मेहरवान सिंह ने ट्राईसाइकिल की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को प्रकरण की जांच कर दिव्यांग को लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न शिकायतें प्राप्त हुईं

- *तहसील ललितपुर में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 26, पुलिस विभाग के 06, विद्युत के 08, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील तालबेहट में कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, विकास के 06, पुलिस के 27, विद्युत के 03, पूर्ति 09 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील मड़ावरा में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 03, सिंचाई के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील महरौनी में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस के 05, पूर्ति के 03, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *तहसील पाली में कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।*
- *इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

कई वर्षों से कार्यवाहक प्रधानाचार्या से काम ले रहा शिक्षा विभाग

# स्थाई प्रधानाचार्या के लिए तरस रहा है जीजीआईसी ललितपुर

रालोद ने लगाए वर्तमान प्रधानाचार्या पर गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय लोकदल ललितपुर के नगर अध्यक्ष ने मंडलायुक्त के भेजे एक शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में कई वर्षों से प्रधानाचार्या का पद रिक्त चल रहा है। वर्तमान में जो प्रधानाचार्या चार्ज लिए है। उनका मूल विद्यालय कोई दूसरा है। इसलिए यहां पर भी चार्ज होने के कारण उनके मूल विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।



पत्र में आरोप है कि विद्यालय में चपरासी के पद पर होने के बावजूद चपरासी से क्लर्क/बाबू का कार्य कराया जा रहा है। जबकि उक्त विद्यालय में कई वरिष्ठ लिपिक उपलब्ध है। जो कि यह गंभीर जांच का विषय भी है। आरोप है कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में पीटीए शिक्षक संघ के खाते से बहुत भ्रष्टाचार किया गया है और वर्तमान में किया जा रहा है। यहां पर शिक्षक एवं कर्मचारियों के आने जाने का कोई समय निश्चित नहीं है कोई जब चाहे आ सकता है और जा सकता है। उक्त विद्यालय में वार्षिक उत्सव के नाम पर छात्राओं से अवैध वसूली तक के आरोप लग चुके है। जिससे सरकार की स्वच्छ छवि पर बुरा प्रभाव पड़ता है पत्र में यह भी आरोप है कि वर्तमान में चार्ज लिए हुए प्रधानाचार्या मुख्यालय पर नहीं रहती है। बिना किसी वैध आदेश के मुख्यालय छोड़ देती है जो कि शासनादेश का उल्लंघन है। वर्तमान में चार्ज लिए हुए प्रधानाचार्या का राजनीतिक दबदबा होने के कारण इन पर शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। अगर कोई इनकी शिकायत करता है तो शिकायतकर्ता पर ही झूठे आरोप लगाकर उसको दबाने का प्रयास किया जाता है या दबा दिया जाता है।

यह भी आरोप है कि वर्तमान में जो प्रधानाचार्या चार्ज लिए है उनपर पूर्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पत्रांक संख्या 513 वित्तीय वर्ष 2021-22 में वित्तीय अनियमितता के आरोपों की जांच तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक रामशंकर के द्वारा कराई गई थी जिसमें इन पर लगे, आरोपों की पुष्टि भी हुई थी। लेकिन आज तक इन पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है जो कि चिंता का विषय भी है कि आखिर क्या कारण है कि आरोप सिद्ध होने के बावजूद भी आज तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं हो पाई है। यह भी आरोप है कि इनके द्वारा सरकारी धन का गबन भी किया गया है और इनके ऊपर लगे आरोपों की जांच की खबर एक समाचार पत्र पब्लिक व्यू में दिनांक 13 मार्च 2022 दिन रविवार को प्रकाशित भी हुई थी जिसकी छायाप्रति भी उपलब्ध है। यह भी आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में इनको कारण बताओ नोटिस तक जारी किए गए है दिए गए पत्र में ये भी बताया गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा जनसूचना के माध्यम से कुछ सूचनाएं भी चाही गई है। लेकिन अभी तो कोई सूचना प्राप्त नहीं हो पाई है जो कि शासनादेश के आदेश का उल्लंघन भी है। जबकि शासन द्वारा पारदर्शिता दिखाते हुए जनसूचना हेतु ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। लेकिन इनके द्वारा उसका भी मजाक बनाया जा रहा है। यह भी जांच होनी चाहिए. कि उक्त प्रधानाध्यापिका के ऊपर पूर्व से लगे वित्तीय आरोपों के सिद्ध होने के बावजूद भी इन्हें ललितपुर में चार्ज क्यों दिया गया, जो कि यह भी गम्भीर जांच का विषय है। ये भी आरोप है कि इनके द्वारा जितने भी भुगतान किए गए है। उनकी भी जांच कराने की कृपा करें। क्योंकि इनके द्वारा किए गए भुगतान पर कोई भी टैक्स नहीं दिया गया है। इनकी एवं संबंधित भुगतान किए गए फर्म की सांठ गांठ से फर्म ने भी टैक्स चोरी की है और वर्तमान में भी की जा रही है। यह भी आरोप है कि उक्त अध्यापिका जनपद में लगभग 20 वर्षों से पदस्थ है। इसलिए इनकी पकड़ मजबूत बनी हुई है। इनका गैर जनपद स्थानांतरण होना बहुत जरूरी है तभी इनकी पकड़ की कमजोर किया जा सकता है।

नगर पंचायत अध्यक्ष निवास पहुंची

# तालबेहट में महिला आयोग की अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**तालबेहट।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान का पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के निवास पर आगमन हुआ। आगमन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुक्ता सोनी एवं महिला मंडल द्वारा बुके भेंट कर एवं माला पहना कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया गया। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जी ने महिला सशक्तिकरण, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है। इस अवसर पर उनके साथ आईं राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल जी का भी बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी शर्मा, प्रधान तुर्का कु. पूजा रायकवार (एड.), आदर्श ग्राम पवा की पूर्व प्रधान ज्योति मिश्रा, पार्षद अर्चना सोनी, पार्षद सीमा पारिया, जिला कार्यालय प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा कु. प्रियांशी चतुर्वेदी, नूतन लिटौरिया, किरण शिवहरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कस्बा बांसी में लायंस क्लब संगम बांसी के तत्वाधान में उ.प्र.महिला आयोग की अध्यक्षा लायन संगीता सिंह के प्रथम बार ललितपुर आगमन पर डा. जितेन्द्र जैन के नेतृत्व में स्वागत किया। अध्यक्षा द्वारा असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किये गए। अध्यक्षा ने कहा कि महिलाओं को जागृति एवं समाज में सेवा सदभाव के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ला.कुं.हरिसिंह बुंदेला, हरिकिशन झा प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बांसी प्रेम देवी झा, ला.विक्रम सिंह बुंदेला, ला.उमेश शर्मा, प्रेक्षा जैन, ला. विवेक गुप्ता, प्रिन्सी राजा, शैलेन्द्र झा, सावन सोनी, ला.राघवेंद्र यादव, ला. कृष्णगोपाल सोनी, शैलेन्द्र चौबे एड., सतीश पस्तोर, प्रदीप जैन बंटी, प्रमोद नायक, अमित झा, नरेश सरावगी, अर्जुन सिंह बुंदेला, हुकुम जैन, अनिल चौबे, सुमन रैकवार, सौरभ साहू, प्रिंस बुंदेला, रोहित राजा, मनोज अहिरवार आदि मौजूद रहे।

## कस्बा बांसी में महिला आयोग की अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**ललितपुर।** कस्बा बांसी में लायंस क्लब संगम बांसी के तत्वाधान में उ.प्र.महिला आयोग की अध्यक्षा लायन संगीता सिंह के प्रथम बार ललितपुर आगमन पर डा. जितेन्द्र जैन के नेतृत्व में स्वागत किया। अध्यक्षा द्वारा असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किये गए। अध्यक्षा ने कहा कि महिलाओं को जागृति एवं समाज में सेवा सदभाव के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ला.कुं.हरिसिंह बुंदेला, हरिकिशन झा प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बांसी प्रेम देवी झा, ला.विक्रम सिंह बुंदेला, ला.उमेश शर्मा, प्रेक्षा जैन, ला. विवेक गुप्ता, प्रिन्सी राजा, शैलेन्द्र झा, सावन सोनी, ला.राघवेंद्र यादव, ला. कृष्णगोपाल सोनी, शैलेन्द्र चौबे एड., सतीश पस्तोर, प्रदीप जैन बंटी, प्रमोद नायक, अमित झा, नरेश सरावगी, अर्जुन सिंह बुंदेला, हुकुम जैन, अनिल चौबे, सुमन रैकवार, सौरभ साहू, प्रिंस बुंदेला, रोहित राजा, मनोज अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# दोष सिद्ध होने के बाद महिला ने किया जहर का सेवन, हालत गंभीर

**ललितपुर।** न्यायालय में एक हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एक महिला आरोपी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह घटना अपर जिला सत्र न्यायालय (एससीएसटी एक्ट स्पेशल न्यायालय) में हुई।

न्यायालय ने महिला के बेटे, बेटी सहित चार अन्य आरोपियों को भी जेल भेज दिया है। यह मामला 2 साल पहले 17 सितंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर मोहल्ले में युवक किशन की हत्या से संबंधित है। इस मामले में गेंदा बाई (60), उसकी बेटी अशर्फी, बेटा बबलू, सुरेंद्र और द्रोपाल आरोपी थे। सुनवाई के दौरान जब आरोपियों पर दोष सिद्ध हो गया और न्यायालय ने उन्हें हिरासत में लेने के निर्देश दिए, तभी आरोपी महिला गेंदा बाई ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान आरोप सिद्ध होने पर महिला सहित सभी पांचों आरोपियों को कस्टडी में लेने के निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान गेंदा बाई ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला गेंदा बाई ने स्वयं बताया कि वह न्यायालय में सल्फास की गोलियां ले गई थी और उसने उन्हीं गोलियों का सेवन किया है। बता दें दो साल पहले कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर नेन्सी गार्डन के पीछे निवासी किशन (22) पुत्र पन्नालाल अहिरवार के साथ 17 सितम्बर 2023 की रात 9 बजे की है। मोहल्ले के ही निवासी दो महिलाओं सहित 6 से अधिक लोगों ने उसके साथ बेरहमी से लाठी डंडों से मारपीट की थी।

# पिता संदिग्ध हालात में घायल मिला

## पुत्र ने प्रकरण की जांच कराए जाने की उठायी मांग

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम भरतपुरा निवासी भूपेन्द्र पुत्र फूलसिंह सहरिया ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को कलेक्ट्रेट सभागार में एक शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उनके पिता फूलसिंह ग्राम डोंगराकलां में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत हैं, जिसके एवज में उन्हें केनरा बैंक के खाते में मासिक पारिश्रमिक प्राप्त होता है। उनके पिता के लिए नेहरू नगर निवासी एक दो लोगों द्वारा करीब तीन-चार साल पहले 70 हजार रुपया उधार लिया गया था, जिस कारण उक्त व्यक्तियों द्वारा उनके पिता की पासबुक, एटीएम, चैकबुक अपने पास रखे हुये हैं और कहा गया कि वेतन की राशि आने पर उक्त राशि निकाली जायेगी, उधार पूरा होने के बाद उक्त दस्तावेज वापस किये जायेंगे। आरोप है कि उसके पिता की एटीएम, पासबुक व चैकबुक से लगातार राशि की निकासी की जा रही है। आरोप है कि 29 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे उसके पिता ने मां के लिए फोन कर बताया कि वह कागजात लेने उक्त लोगों के पास जा रहा है, लेकिन उसके बाद पिता घर वापस नहीं आये। शाम करीब 7 बजे उन्हें फोन आया कि उसके पिता जिला अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें चोटें आयीं हैं, जिस पर वह अपनी मां को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां जाकर देखा कि उनके पिता की हालत काफी खराब थी, जिसके बाद उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया।

जिला न्यायालय परिसर में हुई विचार गोष्ठी

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतरत्न संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा डा.अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के महान पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का संदेश देता है। उन्होंने भारत को समानता और अधिकारों का मजबूत आधार दिया। आज हमें उनके विचारों को व्यवहार में अपनाने की आवश्यकता है। इस दौरान विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा बाबा साहेब ने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि संकल्प दृढ़ हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा उनका सबसे बड़ा हथियार था और आज भी वही समाज को प्रगति की राह दिखा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा डा.अंबेडकर ने सामाजिक समानता की जो नींव रखी, वह आज भी हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। आज जरूरत है कि हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज को एकता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाएं। वहीं जानकी प्रसाद बौद्ध ने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब के विचार केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी समाज तब तक महान नहीं बन सकता जब तक वह अपने कमजोर वर्गों को सम्मान और अवसर नहीं देता। महापरिनिर्वाण दिवस हम सबके लिए सिर्फ़ स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का दिन होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर डा.अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार त्रिपाठी एड., ओमप्रकाश घोष एड., जगदीश सिंह लोधी एड., हरदयाल सिंह लोधी एड., अंकित जैन एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकीप्रसाद बौद्ध एड., महेंद्र कुमार पाराशर एड., रवि श्रीवास्तव एड., मुकेश कटारे एड., अवतार लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., विकास झा एड., आकाश झा (गोल्डी) एड., अशोक कुमार वर्मा एड., अखिलेश राय एड.आदि शामिल थे।

बाल विवाह न करने के लिए दिलाई शपथ, कई जानकारी दी गई

# छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संस्था सोसायटी फॉर प्रगति भारत ललितपुर द्वारा, किसान इंटर कॉलेज बिरधा में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रही ऑनलाइन डिजिटल हिंसा के बारे में विस्तार से बताया गया। संस्था की कार्यकर्ता श्रीमती राजकुंवर जी ने बालिकाओं को बताया की आज से 15 से 20 साल पहले ऐसा जमाना था कि लोगों को अगर किसी पर्सन के पास अपनी बात को पहुंचाना है या किसी वस्तु को भेजना है तो उसको या तो और डाक सेवा का सहारा लेना पड़ता था या फिर स्वयं उस व्यक्ति को उस पर्सन तक जाना होता था लेकिन जब से यह सोशल मीडिया का जमाना आया तो सब कुछ आसान हो गया है। जैसे किसी पर्सन तक अपनी बात को आसानी से पहुंचाना। संबंधित डाटा का आदान-प्रदान करना, बिल पेमेंट करना, शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ोतरी, पर्सनल डाटा की सेविंग करना, इन सब में हमने सरल और सहज महसूस किया। लेकिन इसका कुछ लोगों ने सही उपयोग न करके गलत उपयोग करना शुरू किया जैसे इंस्टाग्राम आईडी, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक आदि अकाउंट बनाना और इनके जरिए वह सारे क्राइम्स करना।



किसी की पर्सनल आईडी हैकिंग करना, फेक आईडी बनाकर किसी के पर्सनल डिटेल को रखकर उसे ब्लैकमेल करना, किसी के अकाउंट से पैसे चुराना, बच्चियों के साथ छेड़खानी करना, उनका यौन उत्पीड़न करना, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ित करना या फिर ऐसे कार्य के लिए प्रोत्साहित करना जिसमें वह अपने आप को असहज महसूस करें। इसलिए आप लोगों से यही आग्रह है कि अगर ऐसी स्थिति या समस्या का सामना होता है तो आप सबसे पहले अपने परिवार के सदस्यों को बताएं ताकि वह भारत सरकार के द्वारा दिए गए सभी कानून से सोशल मीडिया के अपराधियों को कानून के हवाले कर सके और आत्महत्या करने वाले अपने मासूम बच्चों को बचा सके। जिसके लिए हमारे भारत सरकार ने टोल फ्री नंबर दिए हैं जैसे की 1091 1098 1099 और 1930 जिस पर अपनी सुविधा के अनुसार बात कर सकती हैं यह नंबर आपकी गोपनीयताओं को बनाए रखते हैं। उसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री केपी सिंह बुंदेला ने जिले में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य ललितपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है और संस्था ने इस मुहिम को आगे बढ़ने का कार्य किया है उसके लिए मैं संस्था का धन्यवाद करता हूं साथ ही समस्त बच्चों से अनुरोध करता हूं की कोई भी बच्ची या बच्चा बाल विवाह न करे क्योंकि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। और अगर किसी बच्चे या बच्ची का बाल विवाह होता है तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की अनुसार विवाह करने वाले अभियुक्त पर 1 लाख का जुर्माना या 2 साल तक की जेल हो सकती है। साथ ही कार्यक्रम का संचालन कर रहे रामकिशोर गौतम ने बाल विवाह के मुद्दे को आगे बढ़ते हुए कहा की बाल विवाह एक बहुत बड़ी कुप्रथा है जो वर्षों से चली आ रही है इसको समाप्त करने के लिए हमारी संस्था निरंतर प्रयास करती रहेगी और 2030 तक हम बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का काम करेंगे क्योंकि इससे होने वाले दुष्परिणाम बच्चों को देखने को मिल रहे हैं।

ग्वालियर एनएच पर चीता की मौत से कूनो की निगरानी पर उठे सवाल

# हाईवे पर अज्ञात वाहन ने चीता को कुचला, पुलिस खंगाल रही फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रदेश के (ग्वालियर हाईवे आगरा मुंबई मार्ग पर) रविवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक चीते के की मौत हो गई। आश्चर्य की बात तो यह कि चीता की मौत की खबर कूनो नेशनल पार्क प्रशासन से पहले पुलिस को मिली। ग्वालियर पुलिस चीता की मौत किस वाहन से हुई इसकी पड़ताल के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है वहीं चीतों की 24 घंटे निगरानी के कूनो प्रशासन के दावे की एक बार फिर पोलखुलकर सामने आ गई है।

जानकारी के अनुसार, गामिनी नामक मादा चीता के दो शावक केजीबी-3 और केजीबी-4 पिछले एक हफ्ते से ग्वालियर के घाटीगांव वन परिक्षेत्र में घूम रहे थे. इसी बीच दोनों चीतों को सेमरिया घाटीगांव रोड पर भी भोजन की तलाश में देखा गया था। रविवार सुबह करीब 5 बजे दोनों चीते आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पार कर रहे थे. इसी दौरान एक शावक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया. घटना के बाद पुलिस से मिली जानकारी के बाद कूनो प्रबंधन और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और चीते के शव को अपनी निगरानी में ले लिया। मृत शावक की पहचान केजीबी-3 के रूप में हुई है।



### सेमरिया मोड के पास हुआ हादसा

सुबह करीब पांच बजे चीता घाटीगांव के सेमरिया मोड़ के पास आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर पहुंच गया था. इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। ये टक्कर सीधे चीते के मुंह पर लगी जिसकी वजह से वह उछल कर हाईवे के किनारे पर जा गिरा. हाईवे पर चीते का खून बिखरा पड़ा दिखाई दिया है। घायल शावक किसी तरह झाड़ियों में गया और वहीं उसने दम तोड़ दिया। पुलिस से सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने चीता का शव अपने कब्जे में ले लिया।

### 48 घंटे के भीतर दूसरे चीते की मौत

आपको बता दें कि बीते 48 घंटों में ये दूसरे चीते की मौत है, इससे पहले शुक्रवार शाम को भी मादा चीता वीरा का एक शावक जंगल में मृत मिला था. जिसे उसकी मां और एक भाई के साथ चीता दिवस के मौके पर कूनो नेशनल पार्क से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बाड़े से आजाद किया गया था। अगले ही दिन उसका शव जंगल में मिला था। रविवार को हुई चीते की मौत के बाद अब भारत में चीतों की संख्या 30 रह गई है। जिनमें से 27 कूनो में ओर 3 गांधी सागर अभ्यारण्य में हैं।

### पुलिस को पीछे कर जांच में जुटी वन विभाग की टीम

घाटीगांव वन परिक्षेत्र में घूम रहे चीतों की कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन द्वारा लगातार सेटेलाइट कॉलर आईडी के जरिए ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की जा रही थी. ऐसे में घटना के बाद तुरंत कूनो पार्क प्रबंधन को इसकी जानकारी लग गई थी. कूनो और वन विभाग के अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और चीते के शव को अपनी निगरानी में ले लिया है. अब कूनो नेशनल पार्क में एक्सपर्ट द्वारा चीते का पोस्टमार्टम किया जाएगा. वहीं, वन विभाग की टीम द्वारा शावक केजीबी-4 की तलाश की जा रही है। कूनो प्रबंधन ने इस मामले में प्रेस नोट जारी करते हुए चीता की मौत स्वीकार करते हुए चीता शावक की उम्र 20 माह बताई है और इस मामले में एक कोटा राजस्थान के वाहन को रोककर पूंछताछ करने की बात भी बताई है।

### इनका कहना है...

सुबह करीब पांच बजे चीता को किसी अज्ञात वाहन ने घाटीगांव के सेमरिया मोड़ के पास आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार एक वाहन को चिन्हित किया है उसकी तहकीकात कूनो प्रशासन कर रहा है।

**शेखर दुबे**
**एसडीओपी घाटीगांव**

चीता की मौत किस वाहन से हुई है उसकी तलाश में एक वाहन को जप्त किया गया है ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है चीता की उम्र 22 माह थी वह मादा चीता गामिनी के साथ ग्वालियर के वन्य क्षेत्र में था जिसकी निगरानी पल-पल हो रही थी, ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से दुर्घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल टीम ने वहां पहुंचकर चीते का शव अपने कब्जे में कर लिया है।

**आर थिरुकुलर**
**डीएफओ कूनो नेशनल पार्क**

---

रक्तदान करने निरंकारी मिशन से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर लिया भाग

# सुठारा में लगा रक्तदान शिविर, जुटा 168 यूनिट ब्लड, बचेगी कई जरूरतमंदों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर तहसील के ग्राम सुठारा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को एक वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें संत निरंकारी मिशन से जुडे लोगो ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए रक्तदान किया। इस शिविर में 168 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जो कई जरूरमंद लोगों की जान बचाने के काम आएगा, इसलिए इस ब्लड को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पहुंचा दिया गया है।

संत निरंकारी मिशन द्वारा संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुखी महात्मा रमेश चन्द जी के मार्गदर्शन में हुआ। सत्संग कार्यक्रम में भी अनेकानेक संतो ने गीत, विचार के माध्यम से अपनी बात रखी। इस मौके पर ज्ञान प्रचारक जितेंद्र कुमार ने कहा कि सतगुरू सुदीक्षा महाराज की कृपा से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति हुई है कोई भी इंसान परमात्मा का ज्ञान प्राप्त कर सकता है इसे मानव जीवन में ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने का मौका मिला है। डॉक्टर प्रवीण कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि संत निरंकारी मिशन का सेवादल बहुत ही आज्ञाकारी एवं अनुशासन में रहकर सेवाएं देते हैं। उनके मन में सत्संग के प्रति रूचि और आध्यात्मिकता का जो भाव है,वह काफी प्रशंसनीय है।




### बैंक मैनेजर समेत 168 लोगों ने किया रक्तदान

निरंकारी मिशन के मीडिया सहायक हीरालाल नायक ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में एचडीएफसी बैंक श्योपुर के मैनेजर अंकुर गुप्ता समेत 168 लोगो ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए अपने रक्त का दान किया। वैसे तो रक्तदान करने के लिए 170 रक्तदानदाताओ ने पंजीयन कराया था,लेकिन दो महिलाओं का ब्लड जांच के दौरान रिजेक्ट कर दिया गया। इसलिए उनके द्वारा रक्तदान नहीं किया। लेकिन 168 लोगो ने रक्तदान किया,जिसमें 99 पुरूष और 69 महिलाएं शामिल है।

---

320 लीटर अवैध शराब के साथ लोडिंग वाहन भी पुलिस ने किया जब्त

# सब्जी के बीच छिपाकर ले जाई जा रही अवैध शराब कराहल पुलिस ने पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में शराब की अवैध तस्करी का खेल किस तरह चल रहा है,इसकी बानगी रविवार को कराहल थाना क्षेत्र में देखने को मिली। जहां पुलिस ने संदिग्ध दिखने पर एक सब्जी लेकर जा रहे लोडिंग वाहन को रूकवाकर चैक किया तो उसके अंदर सब्जी के बीच अवैध शराब रखी मिली। लोडिंग वाहन से पुलिस ने 320 लीटर से अधिक देशी शराब अवैध रूप से रखी गई जब्त की गई।

कराहल टीआई यास्मीन खान ने बताया कि रविवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, एएसपी प्रवीण कुमार भूरिया और एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर गोरस के पास अन्नापूर्णा माता मंदिर मोड पर एक सब्जी लेकर जा रहे लोडिंग वाहन को रूकवाकर चैक किया। उसके अंदर अवैध शराब रखी हुई मिली। जिसे सब्जी के कैरिटो के बीच छिपाकर ले जाया जा रहा था। लोडिंग वाहन के साथही उसमें रखी 320 लीटर 400 मिलीलीटर देशी प्लेन व मसाला शराब जब्त की गई। जब्त की गई शराब की कीमत 2 लाख रूपए से अधिक और लोडिंग वाहन की कीमत 5 लाख रूपए से अधिक आंकी गई है। इस कार्रवाई में कराहल टीआई के अलावा सउनि बृजेश राजौरिया, प्र.आर. हेमन्त रावत, हरिमोहन गुर्जर, आर व्रजमोहन गुर्जर, अभिषेक शर्मा, सोनू वारेला, धर्मेन्द्र राठौर, अशोक गोरछिया की भूमिका भी अहम रही है।




---

# कल से लगेगा महुआमार मेला व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार महुआमार मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा के संबंध में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने एसडीएम विजयपुर को निर्देश जारी किये है कि ग्राम महुआमार ग्राम पंचायत टर्राकला जनपद क्षेत्र विजयपुर में श्री हनुमान जी मंदिर पर 9 दिसंबर से 16 दिसंबर तक आयोजित होने वाले मेले में विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, साफ-सफाई, अग्निशमन, स्वास्थ्य शिविर आदि सुनिश्चित की जायें।

# जल व स्वच्छता समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 8 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया जायेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों की हस्तातंरित नलजल योजनाओं, वॉस ऑन व्हील नवाचार के प्रचार-प्रसार व सफल क्रियान्वयन की समीक्षा की जायेगी, इसके साथ ही तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में कर वसूली से स्वच्छता निर्माण गतिविधियों की समीक्षा होगी। इसके साथ ही अन्य बिन्दु भी एजेंडे में शामिल किये गये है।

---

पीएम श्री केबीएस में ग्रांट पेरेंट्स डे हर्षोल्लास से मनाया

# नाना-नानी, दादा-दादी बने स्पर्धी नाती नातिन ने की हौसला अफजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

केंद्रीय विद्यालय का 63 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बायपास रोड स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय श्योपुर में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के नाना नानी और दादा-दादियों को अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया। प्रिंसीपल पवन कुमार मीणा द्वारा बुजुर्ग अभिभावकों के सम्मान के लगातार दूसरे वर्ष नवाचार में पहुंचे दादा दादी नाना नानी और नाती नातिनों को भी खूब भाया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने हाथों स्वागत से बुजुर्ग अभिभावक गदगद हो गए।

कार्यक्रम में शामिल हुए बुजुर्ग अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्रिंसिपल पवन मीणा ने मंच से करते हुए बताया कि समाज की महत्वपूर्ण कड़ी वो बुजुर्ग जिन्हें घर में बच्चे नाना नानी या दादा दादी कहकर पुकारते हैं और जो परिवार का मुख्य नहीं बल्कि सर्वोच्च अंग हैं। परिवार के उस महत्वपूर्ण अंग को आज हम अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल कर खुद को गौरांवित महसूस कर रहे हैं। अभिभावकों की ओर से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर अर्पित वर्मा, प्रिंसीपल पवन मीणा सहित स्टाफ का नाना नानी दादा दादी की ओर जताया गया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम क्रम की शानदार प्रस्तुति दी। आमंत्रित सभी बुजुर्ग अभिभावकों को स्वल्पाहार भी कराया गया।






### नानी-दादी ने चेयर रेस तो नाना-दादा ने बोल से साधा निशाना

कार्यक्रम में बुजुर्ग अभिभावकों के बीच विद्यालय प्रबंधन ने खेल प्रतियोगिता भी आयोजित कराई। इस खेल प्रतियोगिता में बुजुर्ग अभिभावक ऐसे खेले मानो उनका बचपन दोबारा लौट आया हो। पुरुष वर्ग में विकेट जिराफ़ प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें दो दर्जन से अधिक नाना और दादाओ ने गेंद फेंककर विकेट गिराने का खेल चेयर रेस में महिलाओं ने भी जमकर दौड़ लगाई। इस उत्साह में खास बात यह रही जब नानी और दादी कुर्सी पाने के लिए रेस में हाथ आजमा रही थी तब उनके नाती नातिन उनकी ताली बजाकर हौसला अफजाई कर रहे थे।

---

पनवाड़ और शहनावदा के बीच नए पुल का निर्माण कार्य द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल

# पार्वती नदी पर बनेगा पुल,40 किलोमीटर कम होगी इटावा, कोटा और जयपुर की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों का राजस्थान जाना अब न केवल सुगम हो जाएगा,बल्कि राजस्थान के इटावा,सुल्तानपुर, कोटा और जयपुर जैसे शहरो की दूरी पर करीब 40 किलोमीटर कम हो जाएगा। ऐसा इसलिए कि मप्र और राजस्थान को जोडने के लिए बडौदा तहसील क्षेत्र में पनवाड़ और राजस्थान की पीपल्दा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव शहनावदा के बीच पार्वती नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। इस कार्य को मप्र शासन के द्वारा द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल कर लिया गया है। इससे उम्मीद बंध गई है कि अब इस पुल निर्माण के लिए जल्द ही शासन की ओर से राशि प्रदान कर दी जाएगी और पुल का निर्माण धरातल पर शुरू हो जाएगा।

दरअसल बड़ौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम पनवाडा के नजदीक से पार्वती नदी बहती है। इस नदी के दूसरी पार राजस्थान के कोटा जिले की पीपल्दा तहसील की सीमा शुरू हो जाती है। गर्मी में नदी का पानी कम हो जाने पर बडी संख्या में बडौदा तहसील क्षेत्र के गांवों के लोग इसी रास्ते से होकर राजस्थान जाते है। इसलिए क्षेत्र के लोगों ने करीब 10-12 साल पहले चंदा चुटाकर इस रास्ते में काम चलाऊ रपटा भी बना रखा है। हालांकि यह रपटा क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन फिर भी गर्मी के दिनो में लोग इस रास्ते से राजस्थान जाते है, मगर जब पार्वती नदी का जल स्तर बढ जाता है,तब इस क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों का राजस्थान जाने का सफर मुश्किल हो जाता है। उन्हें लंबी दूरी करते हुए या तो पार्वती नदी पर कुहांजापुर के सूरथाग पुल से होकर राजस्थान जाना पडता है या फिर खातौली पुल से होकर राजस्थान जाने के लिए मजबूर होना पडता है। जिसमें क्षेत्र के लोगों का समय और धन दोनों की अधिक बर्बादी होती है। इसलिए क्षेत्र के लोग काफी दिनों से पनवाड और राजस्थान के शहनावदा गांव के बीच पार्वती नदी पर पुल का निर्माण किए जाने की मांग उठा रहे है।



### दो सड़कें भी अनुपूरक बजट में हुईं शामिल

इस पुल के साथही श्योपुर जिले में दो नई सडकों का निर्माण भी अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की माने तो अनुपूरक बजट में शामिल की गई दो सडकों में एक सडक तो तलावदा रोड से बेहरामपुरा बस्ती की ओर बनेगी,जबकि दूसरी सडक सोंईकलां क्षेत्र के गिलास गांव से चंबल नहर होते हुए खेडा तक बनेगी। यह दोनो सडके 6 करोड 70 लाख रूपए बनाई जाएगी।

### 64 करोड़ से बनेगा पुल,सुगम होगा राजस्थान जाना

बताया जा रहा है कि बडौदा तहसील क्षेत्र के पनवाडा और राजस्थान की पीपल्दा तहसील के अंतर्गत आने वाले शहनावदा गांव के बीच पार्वती नदी पर जो पुल बनाया जाएगा,उस पर करीब 64 करोड रूपए की राशि खर्च होगी। क्षेत्र के लोगों की मांग पर शासन ने 64 करोड रूपए की लागत से बनने वाले इस पुल के निर्माण कार्य को द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल कर लिया गया है। पुल बनने के बाद बडौदा, पनवाड, पहाडली, बेहडावद, कोथ, राजौरा, उतनवाड, बालापुरा, बाजरली, बांसोद, ललितपुरा,अलापुरा, बालापुरा, मकडावदा, राजपुरा समेत दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों का राजस्थान के पीपल्दा, इटावा, सुल्तानपुर, कोटा, बूंदी और जयपुर जाने के लिए करीब 40 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। सबसे अधिक फायदा क्षेत्र के उन किसानों को होगा,जो अपनी फसल को बेचने के लिए इटावा और कोटा मंडी में लेकर जाते है। क्योंकि वे इसी पुल से होकर सीधे मंडी पहुंच जाएंगे। उधर राजस्थान में मौजूद फुसैद माता मंदिर पर दर्शन करने के लिए जाना भी बडौदा क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधाजनक हो जाएगा।

### इनका कहना है...

मेरी मांग पर, श्योपुर विधानसभा के लिए स्वीकृत बड़ौदा क्षेत्र की बहुप्रतिक्षित मॉंग पुल निर्माण एवं जन उपयोगी सड़को कार्यों कों अनुपूरक बजट मे सम्मिलित कर स्वीकृत किए गया है। इस जनहितैषी सौगात को देने पर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का आभार का व्यक्त करता हूँ। इसी तरह जनहित से जुड़ी मांगों को पूरा कराता रहूं यही मेरा लक्ष्य रहेगा।

**बाबू जंडेल**
**विधायक श्योपुर**

---

# नकल माफिया की करतूतः जिसने पकड़ी कॉलेज में नकल, उसे ही जारी करवाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर में नकल माफिया किस कदर हावी है इसकी बानगी तब देखने को मिली जब अपनी जान की बाजी लगाकर कॉलेज में चल रही सामूहिक नकल का राजफाश करने वाले परीक्षा नकल विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी डॉ वीरेन्द्र सिंह सहायक प्राध्यापक, शासकीय पी०जी० महाविद्यालय, श्योपुर को ही अब नकल पकड़ने में लापरवाही बरतने के आरोप में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया।

अवर सचिव मप्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए नोटिस में उल्लेख किया गया है कि आपके द्वारा जिला स्तरीय फ्रांग स्क्वाड दल के साथ शासकीय महाविद्यालय, विजयपुर में औचक निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय से कथित नकल सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सील नहीं किया गया, पुलिस बल को परीक्षा कक्षों के भीतर प्रवेश कराया गया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया को गैर जिम्मेदारपूर्ण ढंग से सीधे वक्तव्य/स्टेटमेंट जारी किया गया। उक्त तथ्यों की पुष्टि क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर चंबल संभाग, ग्वालियर द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन दिनांक 26.04.2025 से होती है। इस प्रकार आपका कृत्य आपकी अनुशासनहीनता तथा स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। आपका उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम, 3 के उल्लंघन तथा गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 के तहत दण्डनीय होने से क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही जाये ? 3/ इस संबंध में आप अपना लिखित स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 15 दिवस समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयावधि में आपसे कोई लिखित कथन प्राप्त नहीं होता है तो यह माना जावेगा कि आप अधिरोपित आरोप से सहमत हैं तथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिये आप स्वतः उत्तरदायी होंगे। इस नोटिस के बाद डॉ वीरेन्द्र सिंह सकते में है उनके समझ नहीं आ रहा कि वह इस नोटिस का जवाब क्या दें।

### गाड़ी की तोड़फ़ोड़,पुलिस को रोका था

बताना होगा कि इस प्रकरण के दौरान जब नकल पकड़ने वाला उड़न दस्ता कॉलेज में पहुंचा तो वहां सामूहिक रूप से परीक्षार्थी गाइड सीरीज रखकर नकल करते मिले थे अपनी जान पर खेल कर नकल को पकड़ा हालांकि इस दौरान स्थानीय स्टाफ और परीक्षार्थियों का उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा उड़न दस्ते टीम ने पुलिस को फोन भी किया लेकिन पुलिस बहुत देर तक वहां नहीं पहुंची नकल माफिया ने गाड़ी के पहिए पंचर कर दिए उड़न दस्ता टीम ने नकल प्रकरण बनाकर भोपाल भेज दिया और एक जैसे उत्तर लिखे जाने के कारण उच्च शिक्षा विभाग में उक्त प्रकरण को सामूहिक नकल मानकर परीक्षा निरस्त भी की थी।

---

# छंटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गोपाल कृष्ण प्रभु की बाल लीला के हर प्रसंग के पीछे एक पावन संदेश है। हर एक संदेश में एक प्रेरणा है। विशेष रूप से प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की। फिर चाहे वो यमुना मैया को कालियादेह के विष प्रभाव से मुक्त करना हो अथवा गोवंश और गोवर्धन पर्वत को ईश्वर रूप में पूजित व प्रतिष्ठित करना। यह संदेश भागवत प्रेमियों को रविवार को पंचम सत्र में व्यासपीठ से मिला। जिसमें पंचगव्य की महत्ता व उपादेयता भी समाहित रही।

कृष्ण कन्हैया की विविध बाल लीलाओं और वेणुगीत से लेकर गोवर्धन पूजन तक के प्रसंग रविवार को दिव्य भागवत कथा का केंद्र बने। व्यासपीठ से कथा की रस वर्षा करते हुए श्री गोवर्धनेश महाराज ने प्रत्येक प्रसंग को ब्रजभूमि के भजनों, श्री गिरिराज पूजन के धार्मिक गीतों व सरस दृष्टांतों से मोदपूर्ण बनाया। जिसमें संगत दे रहे कलाकारों का भी योगदान रहा। श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रयो, छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज₹ और ₹मै तो गोवर्धन को जाऊं म्हारा वीर₹ जैसे प्रचलित भजनों पर भक्तजनों ने नृत्य का भी आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी संजीव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमित शर्मा, और अमित शर्मा के भाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्यारसपुर निवासी सोमतसिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू और अनिल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर निवासी निशा पत्नी देवेन्द्र सिंह कटारिया उम्र 28 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चालक ने युवक को पीछे से टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत लाला बावड़ी निवासी मोहम्मद जकी अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाहन क्रमांक एमपी 67 जेडसी 2392 के अज्ञात चालक ने म्यूजियम के सामने मुंगावली चन्देरी रोड पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी को पीछे से टक्कर मार दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कचनार पुलिस ने माधौगढ निवासी चूरम पारदी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने मातामढ़ मोहल्ला निवासी प्रदीप बाल्मीक से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ़ पुलिस ने ग्राम ओडिला निवासी बारोबाई आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी मुंगावली निवासी सविताबाई सांसी के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत 1 दिसंबर को गुना अशोकनगर रोड पर पीलीघटा वेयरहाउस के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने बाईक में टक्कर मार दी थी जिससे महिला वेजंती बाई की मौत हो गई थी। मामले की जांच प्रधान आरक्षक राजेश परिहार द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक का मिला शव

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत नया बस स्टेण्ड कलारी के पास 4 और 5 दिसम्बर की रात मढखेडा निवासी संटू पुत्र कोमल अहिरवार उम्र 45 साल का शव बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया 16 से 18 तक प्रवास पर

**अशोकनगर।** भारत सरकार के केन्द्रीय संचार मंत्री और स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर 16 से 18 दिसम्बर तक रहेगें। इस दौरान वह सबसे अधिक समय शिवपुरी में प्रदान करेंगे। 17 को रात्रि विश्राम अशोकनगर में करेंगे और 18 की सुबह 10 बजे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

## भगवान बनने की प्रक्रिया में कई श्रेष्ठी परिवारों को अवसर मिला

# वर्षों की तपस्या के बाद आता है पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव भगवान के जन्म से लेकर मोक्ष की प्राप्ति का पर्व है। यह पर्व अशोकनगर में 33 साल बाद फिर आ रहा है। इस पर्व को महामहोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। वर्षों की तपस्या के बाद यह अवसर मिलता है। भगवान बनने की इस प्रक्रिया में जिन श्रेष्ठी जनों को पात्र के रूप में अवसर मिला है उनका जीवन पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव से धन्य होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठा महोत्सव में यह परिवार प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अपनी ख्याती के लिए जाने जाएगें और उन्हें सिंघई की उपाधि के साथ जाना जाएगा।

### ध्वजा रोहण 9 दिसंबर को होगा

इस महापर्व की शुरूआत 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक हो रही है। 9 दिसम्बर को घट यात्रा के साथ इस पंच कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ होगा जिसमें ध्वजारोहण करने का अवसर राज और विनोद मेडीकल परिवार को मिला है।

### भगवान के माता-पिता

भगवान के माता पिता बनने का गौरव अनीता राकेश चक्रवर्ति परिवार को मिला है। वह नाभिराय और माता मरूदेवी के रूप में भगवान के माता पिता होगें। सौ धर्म इन्द्र के रूप में सुमत अखाई परिवार को यह अवसर मिला है।

### पंच कल्याणक के केन्द्र बिन्दु

सौ धर्म इन्द्र द्वारा समवसरण की रचना की जाती है।सौ धर्म इन्द्र के द्वारा सभी धार्मिक क्रियाएं पूरी होती हैं। सौ धर्म इन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव के केन्द्र बिन्दु होते हैं जो देव, मनुष्य त्रिंयच तीनो लोकों के कल्याण के लिए 5 शुभ घटनाओं को आयोजित और संचालित करते हैं जिससे धर्म की स्थापना होती है।

### धन कुबेर साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा कराते हैं

इसी प्रकार धर्म कुबेर की पंच कल्याणक में मुख्य भूमिका जन्म कल्याणक से जुड़ी हैं। जहां वह तीर्थंकर के जन्म से पहले और बाद में साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा कराते हैं। जिससे जन्म स्थान पवित्र और समृद्ध होता है। यह उनके पूर्व जन्म के पुण्य का प्रतीक है। कुबेर एक सहायक देवता के रूप में कार्य करते हैं और तीर्थंकर के जीवन की शुरूआत को भव्य बनाते हैं।

### महा यज्ञ नायक की सबसे मुख्य भूमिका

पंच कल्याणक महोत्सव में महायज्ञ नायक की भूमिका प्रमुख होती है वह भगवान के पांचों कल्याणकों के अनुष्ठानों को आयोजित करने व सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महायज्ञ नायक इन पांचों कल्याणकों के लिए समारोह के आयोजन करते हैं। कई लोग अपनी जिंदगी दूसरों पर न्यौछावर कर अपने को धन्य मानते हैं- निर्यापका चार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज। निर्यापका चार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने अशोकनगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कंई लोग अपनी जिंदगी दूसरों पर न्यौछावर कर अपने आप को धन्य मानते हैं ऐसे लोग भी हैं जगत में जो अपने प्राण न्यौछावर कर भी दूसरे को बचाना चाहते हैं। जैन आगम में आया है कि जंगल में मुनि राज तपस्या कर रहे हैं उसी समय एक शेर मुनि राज की ओर झपटा मार कर आगे बढ़ा तब उपस्थित एक सुकर मुनि राज को बचाने कुद पड़ा सवाल ये कि मेरे मरने से कोई लाभ नहीं महाराज जी के जिंदा रहने से कितने लोगों का कल्याण होगा। ऐसे लोग भी दुनिया में हैं ये लोग इतना पुण्य कमा लेते हैं जिसका पराबार नहीं है।

### आत्महत्या करने वालों को सबसे खतरनाक दुःख मिलते हैं

मुनि श्री ने कहा कि जिसे अपना सगा मानता है जब वहीं साथ नहीं देता तो व्यक्ति 50 प्रतिशत टूट जाता है और जब किस्मत साथ नहीं देती तो व्यक्ति निराशा में चला जाता है और अपने आप की जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हो जाता है। जो दुःख से घवराकर आत्महत्या करने चले जाते हैं कर्म के कारण उन्हें इससे भी ख़तरनाक दुःख मिलते हैं जैसे जेल में पचास प्रतिशत से अधिक अपराधी मरना चाहते हैं लेकिन मर नहीं पाते। वहां ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि मरना चाहने वाले भी मर नहीं सकते। ऐसे ही कर्म ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि नरक घनघोर दुःख है वहां जीव मरना चाहता है लेकिन मर नहीं सकता। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापका चार्य मुनि पुंगव शसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया के निर्देशन होने जा रहे श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ मंगलमय घट यात्रा के साथ होगा ।

## जिले में कड़ाके की ठंड शुरू

# तापमान में गिरावट, 8.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में अब तापमान लगातार कम होता जा रहा है सर्दी का मौसम अब अपना असर दिखाने लगा है। पिछले 48 घंटे में तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 8.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम में आ रही गिरावट को देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिन और भी ठंड के भरे होंगे।

माना जाता है कि दिसंबर का महीना पूरे शीतकाल के महीना में सबसे अधिक ठंडा महीना होता है इस महीने में ठंड की शुरुआत अपना असर दिखाना शुरू करती है और तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाती है। जिले में तापमान को देखें तो 4 दिसंबर को जिले का तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस था 5 दिसंबर को तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा और 6 दिसंबर को तापमान निरंतर गिरावट के बाद 8.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। अब दिन भी ठंडे हो चलें हैं और रात तो ठंडी है ही। शनिवार को पूरे दिन लोग धूप का सहारा लेते रहे आधे दिन के बाद धूप में तेजी आई और लोगों ने आधी धूप आधी छांव का सहारा लिया।

सर्दी का यह मौसम आने वाले दिनों में और अच्छी ठंड भरा होगा इसका एहसास अभी से होने लगा है। इस बार जिले में वर्षा भी खूब हुई है। वर्षा वैसे तो सितंबर माह तक होती है लेकिन इस बार अक्टूबर माह के आखिर तक जारी रही जिसका असर सीधा ठंड में नजर आ रहा है। वर्षा और ठंड के मौसम के बीच एक से डेढ़ माह का समय जो उमस भरी गर्मी का रहता था इस बार जिले में एहसास करने नहीं मिला। जिसके कारण वर्षाकाल का मौसम व्यतीत होते ही ठंड के मौसम की शुरुआत हो गई है और इस बार ऐसा अनुमान है कि ठंड का असर फरवरी माह तक रहने की संभावना है।

ठंड के इस मौसम में शहर भर में गर्म कपड़ों की दुकानों पर अच्छी ग्राहक की शुरुआत हो गई है। ऐसी स्थिति में लोगों को गर्म कपड़ों के लिए जरकिन, टोप और मौजे की जरूरत है। पिछले कई दिनों से होजरी का व्यापार करने वाले दुकानदारों को ठंड के मौसम की शुरुआत होने का इंतजार था। सबको पता है कि दिसंबर के महीने में ही इसका असर दिखाई पड़ेगा और ऐसा ही हुआ। अब दिन भी ठंडे होंगे और रात भी ठंडी होगीं। बाजार में भले ही रुई की रजाई की मांग पहले की तरह न रहती आई हो लेकिन सच पूछो तो ठंड रजाई में ही दूर होती है। लेकिन इसका स्थान कंबलों ने ले लिया है जितने वजन के कंबल होंगे उतने भारी होंगे और ठंड के लिए भी लाभदायक रहेंगे। इसलिए कम वजन के कंबलों की जगह अधिक वजन के कंबलों का लोग उपयोग अधिक कर रहे हैं। बाजार में कंबलों की दुकान भी खूब सजी हैं सभी प्रकार के कंबल बाजार में बिक रहे हैं। ठंड से बचने के लिए अलाव भी जलना शुरू हो गए हैं रात 8:00 बजे के बाद आसपास के इलाके में और मोहल्ले में लोग अलाव जलाने की शुरुआत कर रहे हैं। यह अलाव शहर में कई स्थानों पर देखने मिलना प्रांरभ हो गए हैं। ठंड के मौसम में तापमान इस बार हर वर्षों की तरह नीचे भी जा सकता है। जिले में अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक हर वर्ष रहता आया है। लेकिन इस वर्ष इसमें और भी गिरावट होने का अनुमान लगाया जा रहा है आने वाले दिन कैसे होंगे यह समय ही बताएगा।

## क्षेत्रवासी शौचालय का उपयोग करने से वंचित

# नप द्वारा बनाए गए सुलभ शौचालय बने शो पीस, जिम्मेदार अनजान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

नगर परिषद ईसागढ़ द्वारा बनाए गए सुलभ शौचालय जिनका उपयोग न होने से नगर वासी एवं क्षेत्रवासी हो रहे हैं परेशान जनपद पंचायत कार्यालय के पास बना सुलभ शौचालय जहां बस स्टॉप एवं ईसागढ़ ब्लॉक के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के लोग तहसील कोर्ट और जनपद पंचायत ईसागढ़ में सैकड़ों ग्रामीण आते हैं जिनको शौचालय के लिए दर दर भटकना पड़ता है।

वही बस स्टैंड स्थित शौचालय में भी ताला लगा रहता है जिस कारण यात्री एवं नगरवासी सिंह सागर तालाब किनारे खुले में शौच करने के लिए विवश हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जन प्रतिनिधि मौन है इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। आखिर लाखों रुपए खर्च करने के बाद इन शौचालयों का निर्माण नगर एवं क्षेत्र के लोगों के हित के लिए बनाए गए सुलभ शौचालय जिनमें ताला लगा रहता है। जिस कारण लोगों को दीवार की ओट लेकर या गुमठी की ओट लेकर खुले में शौच करना पड़ता हैं ऐसे में महिलाओं को ज्यादा समस्या आती है। लेकिन इन शौचालयों को सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है जिस कारण यह शौचालय केवल में शो पीस बने हुए हैं।

यही हाल नगर परिषद के वार्ड ओडीला का है जहां आदिवासी बस्ती में बना सुलभ शौचालय जिसका उपयोग वार्डवासी नहीं कर पा रहे हैं तो फिर इन शौचालयों के निर्माण पर लाखों रुपए खर्च करने से क्या फायदा, जो लोगों के उपयोग में नहीं आ सकते लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सीएमओ का इनकी ओर कोई ध्यान नहीं जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पहली प्राथमिकता शौचालय है जिसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा ग्राम और नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया और खुले में शौच करने से बचाने के लिए शौचालयों का निर्माण कराया गया है। नगर का ओडीएफ के लिए चयन हुआ फिर भी आज नगर में खुले में शौच करने को विवश यहां के नगर वासी एवं क्षेत्रवासी।

### दिखवाता हूं

जनपद पंचायत ईसागढ़ परिसर कदवाया रोड पर बना शौचालय क्षतिग्रस्त है जिस कारण उसमें ताला लगाया हुआ है और दूसरा बस स्टैंड स्थित शौचालय में कुछ कमी है जिनको दुरुस्त कर जल्दी ही चालू किया जाएगा। तीसरा वार्ड ओडीला में स्थित शौचालय को दिखवाता हूं।

**सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह** नगर परिषद ईसागढ़

### ग्राम परवई में आशा नदी पर जन सहयोग से किया बोरी बंधान

**शाढ़ौरा।** शनिवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर एवं ग्राम विकास प्रफूटन समिति परवई के संयुक्त प्रयास से ग्राम परवई में आशा नदी पर जन सहयोग से बोरीबंधान किया गया। इस बोरी बंधान गतिविधि में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ने बैठक कर बताया कि जल संचय अभियान कलेक्टर के निर्देशन में पूरे जिले में चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य पानी को बचाना है और ग्रामीण को जल के प्रति जागरूक करना है। आज 50 कट्टियों का बोरीबंधन किया गया तथा विथ समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि परिषद के माध्यम से विकासखंड में बोरीबंधान के माध्यम से जल को रोका जा रहा है। इस अवसर पर नवाअंकुर संस्था के सचिव विवेक रघुवंशी, समिति के अध्यक्ष जयपाल यादव, परामर्शदाता गणेशाराम अहिरवार और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति म्यापुर के अध्यक्ष अरुण रघुवंशी, परवई प्रस्फुटन के सचिव हरिओम एवं एमएसडब्ल्यू छात्र जितेंद्र रघुवंशी, सहित समिति सदस्य रतनलाल मुकेश, दिलीप आदि रहे मौजूद।

## साडा के 30 हेक्टेयर प्लॉटों की जांच शुरू

# भू-माफियाओं पर गिर सकती है गाज, फर्जी कागजातों से कब्जे की पोल खुलने की आहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चन्देरी में स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (साडा) के तीस साल पुराने आवंटित प्लॉटों में बड़े पैमाने पर हुए फर्जीवाड़े की जांच आखिरकार शुरू हो गई है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर शुक्रवार से साडा क्षेत्र के लगभग 30 हेक्टेयर प्लॉटों का सीमांकन कार्य शुरू कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि 1992 में मध्य एवं निम्न वर्ग के लोगों के लिए आवासीय योजना के तहत शासन ने साडा को यह जमीन आटित की थी, लेकिन ज्यादातर प्लॉट खाली पड़े रहे। इसी का फायदा उठाकर भूमाफियाओं ने नगर पालिका के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों से मिलीभगत कर कागजों में खूब खुर्द-बुर्द की। लंबे समय से स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों द्वारा इस फर्जीवाड़े की शिकायत की जा रही थी। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलने से लोगों में रोष था। अब मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए।

सीमांकन का पहला चरण शुरू हो गया है। मौके पर एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर, नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता, आरआई सत्येंद्र पुरोहित, महेश गंगेले पटवारी मुकेश जाटव सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। टीम प्लॉट-बाय प्लॉट नाप-जोख और दस्तावेजों का मिलान कर रही है। कलेक्टर ने साफ कहा है कि जो भी प्लॉट फर्जी तरीके से कब्जाए गए हैं, उन्हें मुक्त कराकर मूल हकदारों या सरकारी खजाने में वापस लिया जाएगा। जांच शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। लोग कह रहे हैं कि तीस साल बाद आखिरकार न्याय की आस जगी है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि जांच कितनी निष्पक्ष और तेजी से पूरी होती है और भूमाफियाओं-भ्रष्ट कर्मचारियों पर कब बुलडोजर चलता है। सीमांकन कार्य के दौरान टीम की नापतौल पर भी लोग सवाल उठाते नजर आए। दौरान एक चर्चा का विषय बना रहा कि जो सीमांकन करने के लिए टीम पहुंची हुई थी, वह औकाफ-माफी की जमीन नाप कर महज खानापूर्ति का काम कर थी। लोगों का कहना है कि मुख्य रूप से साडा की जमीन का सीमांकन होना चाहिए।

### आपराधिक प्रकरण हो सकते हैं दर्ज

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सीमांकन के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज होने की संभावना है। चंदेरी में साडा घोटाले की फाइल अब पूरी तरह खुल चुकी है। यह किया फर्जीवाड़ा कई प्लॉटों पर फर्जी तरीके से कब्जा कर लिया गया। पुराने रिटायर्ड अधिकारियों से बेक डेट सिग्नेचर बनवाकर नगर पालिका में पैसा जमा कर प्लॉट अपने नाम कर लिए गए।

# पिपरई नगर सड़क पर जाम, राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



नगर की सड़क पर लगे जाम में लोग काफी देर तक फंसे रहते है यहां हर 20 मिनट पर जाम लगा रहता है। जिसे हटाने में कभी कभी पुलिसकर्मियों को मसक्कत करनी पड़ती है। यह स्थिति पंचायत चैराहे, चिकमगलूर चैराहा, रामलीला मैदान में जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या स्कूल की छुट्टी के समय बनती है इस समय स्कूल के वाहन निकलते हैं जो घंटों जाम में फँसे रहते है कई यों बार तो एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहती है। नगर परिषद के अधिकारी अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाते है। नगर परिषद व पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जाए। शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए हैं। इस वजह से लोग जहां जी करता है वाहन खड़े कर देते हैं। सबसे अधिक जाम चिकमगलूर चौराहा एवं पंचायत चैराहा मार्ग पर लगता है। कारण, लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े कर खरीदारी करने लगते हैं। यही नहीं, सड़कों पर अतिक्रमण नजर आएगा। किसी ने स्थायी तो किसी ने अस्थायी दुकान सड़क की पटरियों पर लगा रखी है। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद व स्थानीय पुलिस की ओर से समय-समय पर अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन यह बेअसर साबित हो रहा है। कारण अभियान के दौरान लोग अतिक्रमण कर लगी दुकानें तो हटा लेते हैं लेकिन बाद में फिर से वहीं दुकानें खोल लेते हैं। ऐसे में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। कई जगह नालियां खुली पड़ी हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही हैं।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने पहुंचकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक समानता, न्याय, अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली और जीवंत दस्तावेज है, जिसने करोड़ों भारतीयों को समान अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अधिकार दिया। उन्होने कहा संविधान की मूल भावना की रक्षा, सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना और वंचित वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। बाबासाहेब के आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं और हम सबका कर्तव्य है कि उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इसके पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन शिक्षा, संगठन और संघर्ष के तीन स्तंभों पर आधारित रहा।